नत्वा गजाननं पूर्वं देवान् च पितरौ तथा ।
कुलदेवान् गुरून् चैव कुर्वे काव्यं मनोहरम् ।।१।।

हिन्दी –

पहले श्री गणेश जी आदि देवों को प्रणाम करके तथा अपने कुल देवताओं, गुरूजनों तथा माता – पिता को प्रणाम करके मैं इस मनोहर काव्य की रचना आरम्भ करता हूँ।

बघाटि –

पैले गणेशादि देवते खे माथा टेक रो तथा आपणे कुलदेवते गुरूजना अरो मा – बावा खे डाल कर रो आऊं एस सौणे काव्य रि रचना कर चाला।

वेदशास्त्रे यस्यैवाज्ञे आप्तानां वचनं तथा ।
आज्ञाकर्त्रे कृष्णाय प्रणमामि पुनः पुनः ।।२।।

हिन्दी –

वेद, शास्त्र और सत्यवक्ताओं के वचन जिसकी आज्ञा है उन आज्ञाकर्ता भगवान् कृष्ण को मैं बार – बार प्रणाम करता हूँ।

बघाटि –

वेद, शास्त्र और सच बोलणि आले रे वचन जसरि आज्ञा असो तीना आज्ञा करनि आले भगवान् कृष्णा खे आऊँ बार – बार माथा टेकू।

।। ॐ ।।

!! श्री गणेशाय: नमः !!

श्री कृष्णाज्ञाभिवन्दनम्
संस्कृतकाव्यम्

(हिन्दी व पहाड़ी – बघाटी अनुवादसहितं)

डॉ. लेखराम शर्मा

गाँव धाला, डा. देवठी – सपरून जिला सोलन (हि.प्र.) 173 211
फोन : 98050 – 17550

श्री कृष्णाज्ञाभिवन्दनम्
हिन्दी व पहाड़ी–बघाटी अनुवादसहितं
संस्कृतकाव्यम्

प्रथम संस्करणम्।

मेष सङ्क्रान्तिः
विक्रमसंवत् २०७६
(14 – 04 – 2019)

मूल्यम् : 360 रूप्यकाणि।

श्री हरिः इलैक्ट्रो कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स
दी माल रोड, सोलन (हि.प्र.) 173 212
दूरभाष : 01792 – 222228

सादरसमर्पणम्

नमो ताभ्यः जननीभ्यः याभिः विश्वस्य शान्तये ।
प्राणप्रियाः सुपुत्राः हि भारताय समर्पिताः ।।

कातरतां तु गत्वा श्री कृष्णमर्जुन उक्तवान् ।
ब्रूहि मां त्वां प्रपन्नाय मम धर्मं सनातनम् ।।९।।

हिन्दी -

(अपने सगे लोगों से लगाव के कारण) कायरता को प्राप्त होकर अर्जुन ने कृष्ण से कहा कि (शिष्य रूप से) अपनी शरण में आए हुए मुझको मेरा सनातन (नित्य) धर्म (कर्तव्य) बताओ।

बघाटी -

(आपणे सके आदमी साए लगावा रे कारण) कायरता खे प्राप्त ओए रो अर्जुने कृष्णा खे बोला जे (शिष्य रूपा साए) आपणी शरणा मॉंएं आए ओन्दे माखे मेरा सनातन (नित्य) धर्म (कर्तव्य) बताव।

धर्मं कथितवान् कृष्णः प्रेम्णा विनम्रमर्जुनम् ।
वेदानां साररूपं तं गीताममृतवर्षिणीम् ।।१०।।

हिन्दी -

(जगदगुरू) भगवान् कृष्ण ने विनम्र (महान् शिष्य) अर्जुन को प्रेमपूर्वक वेदों का साररूप धर्म अमृत (परमानन्द) बरसाने वाली गीता के रूप में बताया।

बघाटी -

(जगद्गुरू) भगवान कृष्णे विनम्र (महान् शिष्य) अर्जुना खे प्यारा साए वेदा रा सार रूप दर्म अमृत (परमानन्द) बरशावणि आली गीता रे रूपा मॉंएं बतावा।

यत्कृपया कृशः पङ्गुः लङ्घयते दुःसागरम् ।
तस्याज्ञया प्रसादाच्च विशामि काव्यसागरे ।।३।।

हिन्दी -

जिसकी कृपा से कमजोर दिव्याङ्ग भी कठिन संसार सागर को पार कर जाता है उसकी आज्ञा और कृपा से ही मैं अल्पज्ञ कवितासागर में प्रवेश कर रहा हूँ।

बघाटि -

जसरी कृपा साय कमजोर दिव्याङ्ग बि कठिन संसार सागर पार कर जाओ तेसरी आज्ञा अरो कृपा साय ही आऊँ अल्पज्ञ कवितासागरा मॉंएं प्रवेश कर चाला।

न मम साहसं कृष्ण ज्ञानबलं तथैव च ।
एकमेव ममाधीनं पूर्णमालम्बनं तव ।।४।।

हिन्दी -

हे कृष्ण! न तो मेरे पास साहस है और न ज्ञान का बल। केवल एक ही वस्तु जो मेरे अधीन है वह है आपका पूरा सहारा।

बघाटी -

हे कृष्ण! ना तो मां काय साहस आथि अरो ना ज्ञाना रा बल। बस एक ही चीज जो मां काय असो से असो त्हारा पूरा स्हारा।

निमित्तमर्जुनं कृत्वा दर्शयामि प्रयोजनम् ।
दुर्लभस्य मनुष्यस्य पृथिव्यां हि जन्मनः ।।५।।

हिन्दी -

अर्जुन को निमित्त बनाकर पृथ्वी पर मनुष्य के दुर्लभ जन्म का मैं यहाँ प्रयोजन दर्शा रहा हूँ।

बघाटी -

अर्जुना खे बहाना बणाय रो आऊँ धरती पाँएं आदमी रे दुर्लभ जन्मा रा प्रयोजन बतावणि लग रोआ।

विना युद्धं न दास्यामि भूमेरिहाल्प भागपि ।
दुर्योधने इत्युक्ते हि क्षेत्रे सर्वे योद्धुं समागताः ।।६।।

हिन्दी -

बिना युद्ध किए मैं भूमि का थोड़ा सा हिस्सा भी नहीं दूँगा, दुर्योधन के ऐसा कहने पर सभी योद्धा कुरूक्षेत्र के मैदान में युद्ध करने के लिए एकत्र हो गए।

बघाटी -

विना युद्ध कर रो मेरे जमीना रा थोड़ा जा हिस्सा बि नी देणा, दुर्योधना रे ईशा बोलनि पाँए कुरूक्षेत्रा माँएं लड़नि खे कट्ठे ओइ गोए।

सेनामुभयपक्षीयां द्रष्टुमीहे यदार्जुनः ।
कृष्णः मध्ये रथं नीत्वा सम्यग्द्रष्टुं तदोक्तवान् ।।७।।

हिन्दी -

जब दोनों ओर की सेनाओं को अर्जुन ने देखना चाहा तो भगवान् कृष्ण ने रथ को बीच में ले जाकर उसको अच्छी तरह से देखने के लिए कहा।

बघाटी -

जबे अर्जुने दोइ कनारे रि सेना देखणि चाइ तो भगवान् कृष्णे रथ बीचा माँएं खे नि रो तेसके अच्छी तरह साय देखणि खे बोला।

उभयोः सेनयोर्मध्ये दृष्ट्वा भीष्मादिकं जनम् ।
अर्जुनः करूणाविद्धो युद्धमकर्तुमुक्तवान् ।।८।।

हिन्दी -

दोनों सेनाओं के बीच में भीष्मपितामह आदि (अपने सगे) व्यक्तियों को देखकर अर्जुन ने दया से पीड़ित होकर कृष्ण से युद्ध न करने के लिए कहा।

बघाटी -

दोइ सेना रे बीचा माँएं भीष्म पितामह बगैरा (आपणे सगे) आदमी खे देख रो अर्जुने दया साए पीड़ित ओय रो कृष्णा खे युद्ध ना करनि खे बोला।

स्वधर्मं पालयि ष्यामि यत्क्षत्रियस्य वर्तते ।
स्वीकरोमि सुशिक्षां ते पूज्यस्य हि जगद्गुरोः ।।१७।।

हिन्दी –

क्षत्रियों का जो स्वधर्म (स्वाभविक कर्तव्य) है उसका मैं पालन करूँगा। मैं पूज्य आप जगद्गुरू (सर्वोच्च गुरू) की सुशिक्षा (सदुपदेश) को स्वीकार करता हूँ।

बघाटी –

मेरे (आपणे) क्षत्रिय रे स्वधर्मा (युद्धा) रा पालन करना। आऊँ तूमा सर्वोच्च पूज्य गुरू रा सदुपदेश मंजूर करू।

युद्धमहं करिष्यामि धर्ममयं प्रयत्नतः ।
भविता नैव पापस्तु उक्तमस्ति त्वया यथा ।।१८।।

हिन्दी –

मैं प्रयत्नपूर्वक इस धर्म (कर्तव्य) मय युद्ध को लड़ूँगा। इससे मुझे (कोई) पाप नहीं लगेगा, जैसा कि आपने (कृष्ण ने) कहा (सिद्ध किया) है।

विशेष : पाप तभी तक था जब तक युद्धकर्म को मैं अपना कर्म समझता था। मैं तो वास्तव में आप भगवान् का सेवक हूँ। भगवान् की सेवा में पाप कैसा?

बघाटी –

मेरे मिणति साय इ धर्म (फर्ज़) मय युद्ध लड़ना। एनी साए मावे (कोई) पाप नी लगणा, जीशा तूमे (कृष्णे) बोला या सिद्ध किया।

किं ममोक्तं श्रुतं पार्थ यत्किञ्च ज्ञापितं मया ।
कारूण्यं ज्ञानहीनं ते प्रणष्टमथवा न वा ।।११।।

हिन्दी –

(उपदेश के रूप में) जो कुछ मैंने (कृष्ण ने) बताया, क्या तुमने वह सुना? तुम्हारी अज्ञानतापूर्ण करूणा (दया) नष्ट हुई या नहीं?

बघाटी –

(उपदेशा रे रूपा माँएं) जो कें मोंएं (कृष्णे) बतावा, तोंएं से शूणा के नी? तेरि अज्ञानतापूर्ण करूणा (दया) नष्ट ओइ के नी?

व्याप्तोऽसि हेतुरूपेण किरणेषु जलं यथा ।
उद्धारार्थं हि जीवानां प्रमत्तो नैव जायसे ।।१२।।

हिन्दी –

हे कृष्ण! आप सूर्य की किरणों में जल की तरह समस्त जीवों में उनके कल्याण या भगवद्भाव की प्राप्ति के लिए व्याप्त हो रहे हैं। इस कार्य में आप कभी लापरवाही नहीं करते।

बघाटी –

हे कृष्ण! तूमे सुरजा री किरणा माँएं पाणी री तरह सभी जीवा माँएं तीना रे कल्याणा री खातर व्याप्त ओय रोए। एस कामा माँएं तूमे लापरवाहि नी करदे।

भवत्प्रोक्तं मया ध्यातं धृतं मनसि सर्वथा ।
कारूण्यमज्ञानजन्यं मूलतो मे गतं हि तत् ।।१३।।

हिन्दी –

आपका उपदेश मैंने ध्यान से सुना। उसको मैंने मन में धारण कर लिया है। अज्ञान से पैदा हुई मेरी दया अब जड़ से नष्ट हो गई है।

बघाटी –

त्हारा उपदेश मोंएं द्याना साय शुणा। से मोंएं आपणे मना माँएं दारण कर पाया। अज्ञाना साय पैदा ओइ दि मेरि दया एबे जड़ा दे नष्ट ओ गुइ।

त्वत्प्रसादात्स्मृतिर्लब्धा करिष्ये वचनं तव ।
नष्टो मे च यथा मोहः तत्सर्वं कृपया श्रृणु ।।१४।।

हिन्दी –

आप (कृष्ण) की कृपा (उपदेश) से मुझे (परमात्मरूप अपने हृदयस्थ जीवात्मा की) स्मृति (याद) आ गई है। (अब) मैं आपकी आज्ञा (मेरी शरण में आ जाओ) का पालन करूँगा। मेरा मोह (मैं अपने सगे सम्बन्धियों पर शस्त्र का प्रहार कैसे करूँगा?) जिस प्रकार से नष्ट हुआ वह सब कृपया मुझ (शिष्य) से सुनो।

बघाटी –

त्हारी (कृष्णा) री कृपा (उपदेशा) साए मारवे (परमात्मा रूप आपणे हृदय रे जीवात्मा रि) याद आय गुइ। (एबे) मेरे त्हारी आज्ञा (मेरी शरणा माँएं आव) रा पालन करना। मेरा मोह (आपणे सके रिश्तेदारा पाँएं दया) जीशा नष्ट ओआ से सब कृपा कर रो माँदे (शिष्य दे) शूणो।

शरीराणि ह्यनित्यानि नित्यस्य तु शरीरिणः ।
तस्माद्योत्स्ये यथाज्ञा ते कृष्णस्य परमात्मनः ।।१५।।

हिन्दी –

सदा रहने वाले आत्मा के शरीर सदा के लिए रहने वाले नहीं हैं इसलिए आप भगवान् कृष्ण की आज्ञा से मैं (कौरवों से) युद्ध करूँगा।

बघाटी –

सदा रौणि आली आत्मा रे शरीर सदा खे रौणि आले नी आथि, एते री बजा साए तूमा भगवाना कृष्णा री आज्ञा साए मेरे (कौरवा साए) युद्ध करना।

विशेष : मतलब युद्धकर्म मेरा कर्म नहीं है भगवान् का कर्म है और उसके लिए भगवान् का ही आदेश है।

वासुदेव इदं सर्वं ज्ञात्वा हर्षमुपागतः ।
गुणैः गुणास्तु युध्यन्ति न जीवात्मा जीवात्मभिः ।।१६।।

हिन्दी –

हम, आप और सब संसार यह भगवान् है, यह जानकर मैं प्रसन्न हूँ। सत्त्वादि प्रकृति के तीन गुण एक दूसरे से लड़ते हैं, जीवात्मा जीवात्मा के साथ नहीं लड़ते।

बघाटी –

हामे, तूमे और सब संसार भगवान् असो, ईशा जाण रो आऊँ खुश असू। सत्त्व आदि प्रकृति रे तीन गुण आपि माँएं लड़ो, जीवात्मा जीवात्मा साय नी लड़दे।

वस्तुभिः देवदत्तेन जीवामि यज्ञहेतवे ।
तैर्दत्तानप्रदायैभ्यो नाहं चौर्यं करोमि हि ।।२५।।

हिन्दी –

मैं देवताओं द्वारा दी गई अन्नादि वस्तुओं से यज्ञ करने के लिए अपना जीवन जीता हूँ। उन देवताओं के द्वारा दी गई वस्तुओं को उनको भोग लगाए विना मैं उनकी दी गई वस्तुओं की चोरी नहीं करता।

विशेष – अन्नादि हर वस्तु प्रकृति (देवताओं) की है अतः इसको देवाज्ञा से (भोग लगाकर) लेना जरूरी है। देने वाले को ही पहले खाने का अधिकार है।

बघाटी –

आऊँ देवते री दीती दी नौज बगैरा चीजा साय जग करनि खे आपणा जीवन जीऊ। आऊँ तीना देवते री दीती दी चीजा तीना खे चड़ावणि दे बीना तीनी चीजा रि चोरि नी करदा।

कर्म कुर्वन् हि यज्ञार्थं निष्पापोऽस्मीह यादव ।
जीवामि सर्वजीवार्थं न तु स्वदेहकारणात् ।।२६।।

हिन्दी –

हे कृष्ण! यज्ञ करने के लिए अपना कर्तव्य करते हुए मैं पाप (बन्धन) से मुक्त हूँ। मैं (आपकी तरह) सब जीवों के कल्याण (भगवत्प्राप्ति) के लिए जीता हूँ न कि केवल अपने शरीर की सेवा के लिए।

बघाटी –

हे भगवान्! यज्ञ करनि री खातर आपणा कर्तव्य नबांवदे आऊँ (तूमा री तरह) सबी जीवा रे कल्याणा (भगवाना रि प्राप्ति) री खातर जीऊ ना कि बस आपणे शरीरा री खातर।

वेदोक्तगुणकार्येषु न जायते मतिर्मम ।
ब्रह्मणो वेदज्ञेयस्य करिष्ये वचनं तव ।।१९।।

हिन्दी –

वेदों में बताए गए (सत्त्वादि तीन) गुणों के सकाम कार्यों में मेरी मति (बुद्धि) नहीं है। वेदों द्वारा ज्ञेय (जानने योग्य या प्राप्य) आप परमात्मा (कृष्ण) की आज्ञा का मैं पालन करूँगा अर्थात् विध्वंसक कौरव पक्ष के विरूद्ध मैं युद्ध करूँगा।

विशेष : वास्तव में युद्धादि विविध कर्मों के कर्ता तो प्रकृति के सत्त्वादि तीन गुण हैं, मैं (जीवात्मा) अर्जुन नहीं।

बघाटी – वेदा माँएं बतावे दे सत्त्वादि तिं गुणा रे सकाम कर्मा माँएं मेरि मति (लगन) नीं आथि। वेदा साय जाणनि या पाणि जोगे तूमा परमात्मा (कृष्णा) री आज्ञा रा मेरे पालन करना या कौरवा साए युद्ध करना।

इन्द्रियसंयमः मेऽस्ति बुद्धिश्च निश्चयात्मिका ।
अहं निष्कामभावस्थः करिष्ये वचनं तव ।।२०।।

हिन्दी –

मैंने (आपके उपदेशानुसार) अपनी आँख आदि इन्द्रियों पर संयम पा लिया है और मेरी बुद्धि एक निश्चय (अपने कर्तव्य के प्रति समर्पित) वाली हो गई है। मैं बिना किसी निजी (शारीरिक) स्वार्थ के आपकी आज्ञा (अपने युद्ध धर्म) का पालन करूँगा।

बघाटी – मोंएं त्हारे उपदेशा साय आपणी सबी इन्द्रिय पाँएं विजय (नियन्त्रण) पाय पा अरो मेरा ज्ञान एकी निश्चय (युद्ध) आला ओय गोआ। मेरे आपणे कसि स्वार्था दे बिना त्हारी आज्ञानुसार युद्धा रा कर्म करना।

इन्द्रियाणां चरन्तीनां न मनोऽनुविधीयते ।
न हरति मम प्रज्ञां वायुर्नावमिवाम्भसि ।।२१।।

हिन्दी –

मैं अपने अपने विषयों (वस्तुओं या विचारों) में विचरण करती हुई इन्द्रियों के पीछे अपने मन को नहीं भागने देता। ये मेरे ज्ञान को उस प्रकार नहीं भगाती जिस प्रकार हवा पानी में नाव को भगाती है।

विशेष – इन्द्रियों के विषयों या वस्तुओं में राग और द्वेष छिपे होते हैं जो मनरूपी लोहे के लिए चुम्बक का काम करते हैं।

बघाटी – आऊँ आपणे आपणे विषया पीछे दौड़नि आली इन्द्रिय रे पीछे आपणे मना खे नीं दौड़नि देंदा। इ मेरे ज्ञाना खे तिशे नीं बगांवदी जिशि पौण पाणी माँएं नावा खे बगाओ।

करिष्ये नियतं कर्म शास्त्रैरूक्तं यदेव हि ।
तेन उदरपूर्तिश्च स्थास्यति वचनं तव ।।२२।।

हिन्दी –

मैं आपकी आज्ञानुसार शास्त्रों द्वारा मेरे (क्षत्रिय या सैनिक के) लिए निर्धारित (युद्ध) कर्म ही करूँगा। उससे मेरा जीवन निर्वाह भी होगा और आपके आदेश का भी पालन होगा।

विशेष – निष्काम भाव से वेद-शास्त्रों द्वारा निर्धारित विविध कर्तव्य भगवान् की आज्ञाएं हैं। जो आदमी उनका पालन नहीं करते वे पाप, दोष या बन्धन के भागी हैं।

बघाटी –

मेरे त्हारी आज्ञानुसार शास्त्रा माँएं निर्धारित आपणा युद्धकर्म करना। तेनी साय मेरा जीवन निर्वाह बि ओणा अरो त्हारे आदेशा रा पालन बि ओणा।

कर्तव्यपालनं यज्ञः तेन विना हि बन्धनम् ।
युद्धयज्ञं करिष्यामि मुक्तसङ्गः दिवानिशम् ।।२३।।

हिन्दी –

(धर्म) कर्तव्य का पालन यज्ञ है। उसको किए बिना बन्धन (पाप) लगता है। मैं इस युद्ध रूप यज्ञ को (बिना मोह के दिन-रात) करूँगा।

बघाटी –

दर्म या कर्तव्यपालन यज्ञ असो। जे तेते न करी तो पाप लगो। मेरे आपणे पराए रे मोहा अरो लगावा दे बिना लगातार इ काम करना।

विशेष – व्यक्ति द्वारा अपना निर्धारित कर्तव्य करना भगवान् की सेवा है।

ब्रह्मणा रचनादौ हि रचितं कर्म पावनम् ।
येन देवाः हि तुष्यन्तु तोषयन्तु जनानपि ।।२४।।

हिन्दी –

सृष्टिकर्ता ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना के समय मनुष्यों के लिए देवताओं के प्रति पवित्र कर्म (यज्ञ) की रचना की जिससे देवता सन्तुष्ट (प्रसन्न) हों और वे प्रसन्न हुए देवता मनुष्यों को अन्नादि देकर प्रसन्न कर सकें।

विशेष – यज्ञ हम मनुष्यों की ओर से हमारी आवश्यकताओं की पूर्ति करने वाले देवताओं के प्रति विनम्रतापूर्वक कृतज्ञताज्ञापन है।

बघाटी –

ब्रह्मा जीए संसारा रि रचना करदे बक्ता आदमी खे देवते रे प्रति पवित्र कर्मा यज्ञ रि रचना कि जनी साय देवते प्रसन्न ओ अरो से प्रसन्न देवते आदमी खे प्रसन्न कर सको।

अहं सर्वाणि कर्माणि त्वयि समर्प्य निर्मम: ।
निष्काम: सर्वथा भूत्वा योत्स्ये हि विगतज्वर: ।।३३।।

हिन्दी –

मैं अपने समस्त कर्मों को आपको समर्पण करके सर्वथा ममता और फल की इच्छा से रहित होकर विना किसी दु:ख के युद्धकर्म करूँगा।

विशेष – निष्काम भाव से आपकी आज्ञा (वर्णानुसार कर्म) का पालन करने से किसी भी मनुष्य को पाप नहीं लगता।

बघाटी – मेरे आपणे सब कर्म तूमा खे समर्पण कर रो सर्वथा ममता रो फला रि इच्छा छाड रो विना कसि कष्टा दे आपणा युद्धकर्म करना।

धर्मो में विगुण: श्रेष्ठ: परधर्मस्य पालनात् ।
स्वधर्मे मरणं श्रेय: परधर्मो हि भीतिकर: ।।३४।।

हिन्दी –

मेरा धर्म (युद्ध रूपी कर्तव्य) दूसरे के कर्तव्य का पालन करने से गुणहीन ही अच्छा है। अपने कर्तव्य का पालन करते हुए मरना भी अच्छा है। अपना कर्तव्य छोड़कर दूसरे का कर्तव्य करना भयकारी (भगवान् के भाव की प्राप्ति में बाधक) है।

विशेष – भगवान् के भाव की प्राप्ति में नित्य आनन्द है जबकि अन्य जीवों के भाव की प्राप्ति में केवल सुख का आभास है।

बघाटी – मेरा युद्धरूपी कर्तव्य रेके वर्णा रा कर्तव्य पालन करनि दे गुणहीन ही अच्छा असो। आपणे कर्तव्य रा पालन करदे मरना बि अच्छा असो। आपणा कर्तव्य छाड रो रेके वर्णा रा कर्तव्य करना भयदायक (भगवाना रे भावा रि प्राप्ति करावणि माँएं बाधक) असो।

श्री कृष्णाज्ञाभिवन्दनम्

करोषि कार्यमात्रं त्वं नाहं देव कदाचन ।
शान्तियुद्धादि सर्वं हि त्वयैव तु विधीयते ।।२७।।

हिन्दी –

हे देव! संसार के समस्त कार्य तुम्ही करते हो, मैं कभी नहीं करता। इस संसार के शान्ति और युद्धादि समस्त कर्म (बिना मोह के) तुम्ही तो करते हो।

विशेष – जो कर्म सर्वोच्च देवता भगवान् के लिए नहीं किए जाते उनमें आसक्ति, मोह, बन्धन और पाप होता है।

बघाटी –

हे देव! तूमे दुनिया रे सब काम करो, आऊँ कबे नी करदा। शान्ति अरो युद्ध आदि सारे काम (बिना मोहा दे) तूमे ई तो करो।

जीवा अन्नेन जायन्ते वर्षणेनान्नमेव च ।
यज्ञेन जायते वर्षा यज्ञश्चैव हि कर्मणा ।।२८।।

हिन्दी –

संसार के समस्त जीव अन्न (के माध्यम) से पैदा होते हैं और अन्न वर्षा से पैदा होता है। वर्षा यज्ञ (देवताओं की पूजा) से होती है और यज्ञ कर्म (कर्तव्य) करने से होता है।

वशेष – कर्तव्य व्यक्ति के स्वभाव पर आधारित है जोकि भगवान् के द्वारा रचित है और विश्व के लिए कल्याणकारी है।

बघाटी –

दुनिया रे सब जीव नजा री बाठि पैदा ओ अरो नौज बरखा साय पैदा ओ। बरखा जगा या देवते री पूजा साय ओ अरो जग आपणा कर्म (कर्तव्य) करनि साय ओ।

वेदात्तु जायते कर्म वेदश्च ब्रह्मणा भवः ।
तस्मात्सर्वस्थितं ब्रह्म नित्यं यज्ञे उपस्थितम् ।।२९।।

हिन्दी –

वेदों से कर्म (कर्तव्य) पैदा होता है और वेद परमात्मा से पैदा हुआ है। इसलिए समस्त जीवों में विराजमान परमात्मा सदा यज्ञ में विराजमान रहते हैं।

विशेष – यज्ञ, अन्न और जीव तीनों एक दूसरे पर निर्भर हैं।

बघाटी –

वेदा साय कर्म या कर्तव्य पैदा ओ अरो वेद परमात्मा दे पैदा ओय रोए। एनी साय समस्त जीवा माँएं रौणि आला परमात्मा हमेशा जगा माँएं विराजमान रौ।

यज्ञपरम्पराचक्रं नानुपालयतीह यः ।
पापीयानिन्द्रियासक्तः व्यर्थं कृष्ण स जीवति ।।३०।।

हिन्दी –

हे कृष्ण! इस संसार में यज्ञ परम्परा के इस पूर्वोक्त चक्र का जो पालन नहीं करता, इन्द्रियों के विषयों के मोह में पड़ा वह आदमी व्यर्थ का जीवन जीता है।

विशेष – यज्ञ का वास्तविक अर्थ येन केन प्रकारेण सभी जीवों की सेवा करना है पर शास्त्रोक्त विधि से।

बघाटी –

हे भगवान्! इयाँ दुनियाँ माँएं यज्ञपरम्परा रे एस चक्रा रा जो पालन नी करदा, इन्द्रिय रे विषया रे मोहा माँएं पड़ा दा से आदमि अर्थ (लक्ष्य) हीन जीवन जीओ। आदमी रे जीवना रा सर्वोच्च लक्ष्य भगवाना रे भावा रि प्राप्ति असो। भगवाना रा भाव असो जे सबी जीवा रा बला ओ।

कर्म चेत्त्वं त्यजेः देव लोकोऽपि तत्तथा त्यजेत् ।
नश्येदिदं जगत्सर्वं नाशकश्च भवान् भवेः ।।३१।।

हिन्दी –

भगवन्! अगर आप अपना कर्म करना छोड़ दें तो संसारी लोग भी आपका अनुसरण करते हुए अपना कर्म करना छोड़ देंगे। उससे सारा संसार नष्ट हो जाएगा और उस नाश के कारण आप हो जाएंगे।

विशेष – भगवान् निरन्तर बिना किसी स्वार्थ कामना के विश्व का कल्याण कर रहे हैं, मनुष्य का भी यही कर्तव्य बनता है ऐसी ही उनकी आज्ञा है।

बघाटी – जे तूमे आपणा कर्म करना छाड देले तो दुनिया रे आदमी रे बि तारि मीश कर रो आपणा आपणा काम करना छाड देणा। तेनी साय सारि दुनिया नष्ट ओय जाणि। तेस विनाशा रे कारण बि तूमे ओणे।

कर्मासक्तो यथा लोके कर्मरतो हि दृश्यते ।
अनासक्तस्तथैवाहं करिष्ये वचनं तव ।।३२।।

हिन्दी –

कर्म के प्रति मोह (मैं कर्ता हूँ) रखने वाला आदमी जिस तरह दुनिया में कर्म करता है मैं उसी तरह अपने कर्म के प्रति मोह न रखकर आपके आदेश का पालन (युद्ध) करूँगा।

विशेष – बिना स्वार्थ के वेदों की आज्ञा का पालन करना भगवान् की आज्ञा का पालन करना है।

बघाटी – आपणे कामा साय मोह राखणि आला आदमि जीशा दुनिया माँएं आपणा काम करो मेरे तीशा ई आपणे कामा साय मोह ना राख रो त्हारे आदेशा रा पालन (युद्ध) करना। आऊँ क्षत्रिय असू। माखे वेदा रि आज्ञा अरो त्हारि आज्ञा एक (युद्ध कर) इ असो।

तुभ्यं समर्प्य कर्माणि सङ्‌गं त्यक्त्वा करोति यः ।
लिप्यते नैव पापेन पद्मपत्रं जलेनिव ।।४१।।

हिन्दी –

अपने काम आपको सौंपकर तथा अपने काम के प्रति मोह (अपनेपन) को त्यागकर जो काम करता है उसको उसी तरह पाप नहीं लगता जिस तरह कमल के पत्ते को जल नहीं छूता है।

बघाटी –

आपणा काम तूमा खे सौंप रो अरो मोह (मेरापन) छाड रो जो काम किया जाओ तेनी रा तीशा ई पाप नी लगदा जीशा कमला रे पत्ते खे पाणी माँय बि पाणि नी छूँदा।

न कर्तृत्वं न कर्माणि जीवस्य सृजति प्रभुः ।
कर्मफलेन योगं च सर्वंजीवस्य दोषतः ।।४२।।

हिन्दी –

परमात्मा जीव (मनुष्य) के लिए न तो कर्तापन देते हैं और न कर्म देते हैं। न ही उसको कर्मफल के साथ जोड़ते हैं। यह सब मनुष्य के अपने दोष (अमर जीवात्मा के मोह में पड़ने से) होते हैं।

विशेष – चेतन जीवात्मा और अचेतन सांसारिक वस्तुओं के गुण – धर्म और स्वभाव आपस में मेल नहीं खाते। सांसारिक वस्तुओं से राग और द्वेष नित्य निर्मल जीवात्मा के लिए मलरूप हैं।

बघाटी – भगवान् आदमी खे ना तो कर्ता बणांवदा, ना कर्म बणांवदा। न से तेसके कर्मा रे फला साय जोड़दा। इ आपणि गलति (अमर जीवात्मा रा आपणे नश्वर शरीरा साय मोह करना) असो।

धूमेनाग्निर्यथा लोके दर्पणश्च मलावृतः ।
विवेको हि मनुष्याणां कामेन सर्वथा तथा ।।३५।।

हिन्दी –

संसार में जिस तरह धुएं से आग और मैल से शीशा ढक जाता हैं उसी प्रकार अपनी इच्छा करने से मनुष्य का विवेक (स्थायी और अस्थायी वस्तुओं में अन्तर करने की शक्ति) ढक जाता है।

बघाटी –

दुनिया माँएं जीशे दुएं साय आग अरो मौला साय शीशा डक जाओ तीशा आपणी कामना करनि साय आदमी रा विवेक (स्थायी अरो अस्थायी चीजा माँएं फरक करनि रि शक्ति) डक जाओ।

इन्द्रियाणि मनोबुद्धी उच्यन्ते कामनागृहम् ।
मुह्यन्ते हा जना एतैः नीचाः देहाभिमानिनः ।।३६।।

हिन्दी –

हमारी इन्द्रियाँ, मन और बुद्धि कामनाओं के घर हैं। कष्टकर बात है कि नीच देहाभिमानी (शरीर को ही अपना सब कुछ मानने वाले) लोग इन इन्द्रियादि के द्वारा मोह (विषयों के अपनेपन) में पड़ जाते हैं।

विशेष – कामना या इच्छा की प्रेरणा शक्ति से कर्मफल के प्रति आसक्ति पैदा होती है और उससे जीवात्मा बन्धता है।

बघाटी – म्हारी इन्द्रिय, मन अरो बुद्धि कामना (इच्छा) रे गौर असो। इ दुःखा रि बात असो जे आपणे शरीरा खे ई सब ठेंव मानणि आले नीच देहाभिमानि आदमि ईना इन्द्रियादि रे द्वारा मोहा माँएं पड़ जाओ।

अजन्मापि जगत्स्वामिन् जीवानामीश्वरोऽपि सन् ।
प्रकृतिं स्वां वशीकृत्य संभवस्यात्मायया ।।३७।।

हिन्दी –

हे ईश्वर! आप जन्म रहित होने पर भी तथा समस्त जीवों के स्वामी होते हुए भी अपनी प्रकृति (प्रत्यक्ष संसार) को नियन्त्रित करके अपनी माया (विशेष शक्ति) से अवतार रूप में प्रकट होते हो।

विशेष – संसार में जब भगवान् को न मानने वाले स्वेच्छाचारियों की शक्ति अधिक बढ़ती है तब भगवान् प्रकट होते हैं।

बघाटी – हे स्वामी! तूमे जन्मरहित ओय रो तथा सभी प्राणी रे मालिक ओय रो बि आपणी प्रकृति खे नियन्त्रित कर रो आपणी माया साय अवतारा रे रूपा माँए प्रकट ओ।

सुरक्षायै स्वभक्तानां विनाशाय च पापिनाम् ।
धर्मसंस्थापनार्थं च यथाकालस्तु संभवेः ।।३८।।

हिन्दी –

अपने प्रेमियों की सुरक्षा करने के लिए, मोहग्रस्त पापियों का विनाश करने के लिए तथा संसार में धर्म (कर्तव्य परम्परा) की सही प्रकार से स्थापना करने के लिए आप यथोचित समय पर प्रकट होते हैं।

बघाटी –

आपणे प्रेमी रि सुरक्षा करनि खे, मोहवश पाप (हिंसादि) करनि आले रा विनाश करनि खे अरो कर्तव्यपरम्परा रि अच्छी तरह साय स्थापना करनि री खातर तूमे सही समय पाँएं अवतार रूपा माँएं प्रकट ओ।

वर्णधर्मास्त्वया सृष्टाः गुणकर्मविभागशः ।
न त्वां कर्माणि लिम्पन्ति अकर्ता तेन सर्वथा ।।३९।।

हिन्दी –

आपने गुणों और कर्मों को बान्टकर मनुष्यों के लिए वर्णधर्म की रचना की है। आप अपने (रचनादि कर्म) करते हुए भी उससे लिप्त (मोहित या आसक्त) नहीं होते, इसलिए उस कर्म को न करने वाले अकर्ता बने रहते हैं।

बघाटी –

तूमे सत्त्वादि गुण अरो कर्म बान्ड रो चौ वर्णा रि रचना कर राखि, इ काम कर रो बि तूमे एनी आपणा किया दा नी मानदे जनी साय तूमे कर्ता ओय रो बि अकर्ता बणे रौ।

यत् किञ्चापि स्वतः प्राप्तं संतुष्टः सर्वदा सुखी ।
सुखदुःखे समे कृत्वा मुक्तोऽस्मि पापबन्धनात् ।।४०।।

हिन्दी –

अपनी इच्छा के विना जो कुछ कर्मफल अपने आप प्राप्त हो जाए उससे मैं (अर्जुन) सदा सन्तुष्ट और सुखी रहता हूँ। सुख और दुःख को एक जैसा मानकर मैं (अब) पाप (परमात्मा द्वारा निर्धारित कर्तव्य को अपना मानना) से मुक्त हूँ।

बघाटी –

आपणा काम कर रो आपणि इच्छा किए बिना जो कुछ आफिए मिल जाओ तेनी साय आऊँ हमेशा सन्तुष्ट अरो सुखि रऊ। सुखा अरो दुःखा खे एकी जीशा मान रो एबे आऊँ पापा (भगवाना रा काम आपणा मानणा) दे मुक्त असू।

प्रकटः त्वं न सर्वस्य योगमायासमावृतः ।
अज्ञः जनः न जानाति दिव्यं त्वामजरामरम् ।।४९।।

हिन्दी - अपनी योगमाया में छिपे आप सभी लोगों के लिए प्रकट नहीं (कुछ लोग अवतार को नहीं समझ पाते) हो। आपको (आम आदमी की तरह जन्मने और मरने वाला समझने वाला) अज्ञानी आदमी आपके अजर (बूढ़ा न होने वाला) और अलौकिक अमर स्वरूप का अनुभव नहीं कर सकता।

विशेष - भगवान् की विशेष शक्ति का नाम योगमाया है। इसी शक्ति के कारण मनुष्य सांसारिक वस्तुओं में आसक्त और भगवान् से विमुख हो जाता है।

बघाटी - तूमे योगमाया साय लूके ओंदे सबी आदमि खे प्रकट नी ओंदे। तूमा खे आम आदमि री तरह जमणि मरनि आले समजणि आले अज्ञानि त्हारे अजर अरो अलौकिक अमर स्वरूपा खे नी देख सकदे।

रागद्वेषप्रभावेण द्वन्द्वमोहेन यादव ।
अज्ञाः जनास्तु मुह्यन्ति दीनाः जन्मनि जन्मनि ।।५०।।

हिन्दी - संसार में राग और द्वेष (सांसारिक नश्वर चीजों से लगाव और अलगाव की भावना) के प्रभाव से इस द्वन्द्व (राग - द्वेष) के प्रति मोहवश दीन (दयनीय) अज्ञानी लोग बार बार जन्म लेकर और मोहित होकर बन्धन में पड़ते हैं।

विशेष - राग - द्वेष से मुक्त आदमी की पहचान ही अलग होती है। वह विश्वकल्याणकारी भगवान् की आज्ञा का पालन करता है।

बघाटी - दुनिया माँएं दुनिया री चीजा साय लगावा अरो अलगावा री बावना रे प्रभावा री बजा साय राग - द्वेषा रे प्रति मोह राखणि साय दीन (दयनीय) अज्ञानि आदमि बार - बार मोहित ओंदे रौ और जन्म लय रो बन्धना माँएं पड़दे रौ।

यस्त्वां पश्यति सर्वत्र सर्वं च त्वायि पश्यति ।
सततं दृश्यसे तस्मै सः च त्वामेव पश्यति ।।४३।।

हिन्दी - भगवन्! जो आदमी आपको सारे संसार के जीवों में देखता है और सारे संसार के जीवों को आपके अन्दर (आपके सबसे बड़े शरीर) में देखता है उस आदमी को आप अपने से अलग नहीं करते और न वह आदमी आपको अपने से अलग करता है।

बघाटी - जो आदमि तूमा (भगवाना) खे सारी दुनिया रे जीवा माँएं देखो अरो दुनिया रे सबी जीवा खे त्हारे सबी दे बड़े शरीरा माँएं देखो तेसके तूमे आपि दे जूदे नी करदे अरो ना से तूमा खे आपि दे जूदे करदा।

गुणमयी हि मायेषा तवैवास्ति तु वस्तुतः ।
शरणं ये प्रपद्यन्ते तव मायां तरन्ति ते ।।४४।।

हिन्दी - यह तीन गुणों वाली माया (शक्ति) वास्तव में आपकी ही है। जो आदमी (त्रिगुणमयी माया की अपेक्षा) आपकी शरण (अपना सब कुछ आपको सौंपना) ग्रहण करते हैं वे आदमी (जीवात्माएं) आपकी माया (सांसारिक अपनापन और परायापन) को पार कर जाते हैं।

विशेष - परमात्मा माया के अधीन नहीं हैं, माया से सदा मुक्त हैं। परमात्मा की शरण लेने वाले भी परमात्मा की तरह उनके जैसे मुक्त स्वभाव वाले हो जाते हैं। यह नियम है।

बघाटी - इ त्रिगुणमयी माया शक्ति असली माँएं त्हारी ही असो। जो आदमि (जीवात्मा) इयां माया शक्ति री बजाए तूमा खे ही आपणा सब ठैंव सौंप देओ से त्हारी माया (गुणा) रे पैदा किए दे आपणे अरो पराएपणा दे कनारे खे निकल जाओ।

मायां ये शरणं यान्ति सदापहृतबुद्धय: ।
आसुरं भावमापन्ना: त्वां न यान्ति नराधमा: ।।४५।।

हिन्दी-जो लोग आप (भगवान्) की अपेक्षा आपकी माया (सत्त्वादि तीन गुणों) की शरण लेते हैं वे अपहृत बुद्धि (संसार के आकर्षणों से मोहित हुई) वाले आसुरी भाव को प्राप्त हुए अधम (नीच) लोग आप (भगवान्) को प्राप्त नहीं होते जो कि मनुष्य के जीवन का एकमात्र लक्ष्य है।

बघाटी- जीने तिं गुणा आली माया रि शरण लोइ तीना आदमी रि बुद्धि (ज्ञान) सांसारिक आकर्षणे चोर पाइ। से नीच आदमि आसुरी भावना खे प्राप्त ओए रो तूमा (भगवाना) खे प्राप्त नीं ओंदे जो म्हारे जिवणि रा चरम लक्ष्य असो।

प्राप्येह मानुषं जन्म ज्ञानेन शरणं व्रजेत् ।
वासुदेव इदं सर्वं ज्ञात्वा मुच्यते बन्धनात् ।।४६।।

हिन्दी-इस संसार में दुर्लभ मनुष्य के रूप में जन्म लेकर ज्ञान के द्वारा आप (भगवान्) की शरण लेनी चाहिए। यह सम्पूर्ण संसार (हर वस्तु) वासुदेव या परमात्मा है, ऐसा अनुभव प्राप्त करके मनुष्य बन्धन या पाप-पुण्य की मान्यता से मुक्त (भगवान् के भाव को) प्राप्त हो जाता है।

विशेष-माया (तीन गुण) भी वासुदेव है, यह अनुभव प्राप्त करके हमको केवल भगवान् की आज्ञा का पालन करना है। भगवान् की इच्छा ही हमारी इच्छा हो।

बघाटी-इयां दुनिया माँएं दुर्लभ आदमी रा जन्म लय रो ज्ञाना साय भगवाना रि शरण लणि चैं। इ सारि दुनिया (सारी चीजा) वासुदेव या परमात्मा असो, ईशा अनुभव प्राप्त कर रो आदमि बन्धना (पाप-पुण्य रि मान्यता) दे मुक्त ओय रो भगवाना री बावना खे प्राप्त ओय जाओ। मोक्ष, भगवाना रि प्राप्ति या परमानन्द एक ई बात असो।

कामै: स्वै: स्वै: हृतज्ञाना उपयान्त्यन्यदेवता: ।
तत्तन्नियममाश्रृत्य भुञ्जन्ते नश्वरं फलम् ।।४७।।

हिन्दी-

मनुष्य अपनी अपनी अलग-अलग इच्छाओं के द्वारा अपहृत ज्ञान (बुद्धि) के द्वारा आप (परमदेव भगवान्) के अतिरिक्त अन्य देवताओं का सहारा लेते हैं। उन अलग अलग देवताओं से सम्बन्धित अलग अलग पूजा नियमों को अपनाकर वे नष्ट होने वाले फलों को प्राप्त करते हैं।

विशेष- देवताओं के अन्दर आप भगवान् का अनुभव करना अनन्त फलदायक है।

बघाटी-

आदमि आपणी आपणी अलग अलग इच्छा रे द्वारा नष्ट ज्ञाना साए दूजे देवता रा आसरा लौ। तीना जूदे जूदे देवते साय जूड़े ओंदे जूदे जूदे पूजा नियम अपनाय रो से नष्ट ओणि आले फल प्राप्त करो।

जनस्येच्छानुसारं त्वं देवे प्रेम प्रवर्धसे ।
देवद्वारा फलं चैव तं त्वमेव प्रयच्छसि ।।४८।।

हिन्दी-

मनुष्य विशेष की इच्छानुसार आप विशेष देवता के प्रति उसका प्रेम बढ़ाते हैं और उस देवता के द्वारा उसको (इच्छित) फल भी तुम ही देते हो।

बघाटी-

आदमि री इच्छानुसार तूमे ई देवते रे प्रति तेसरा प्रेम बड़ाओ अरो तेस देवते रे द्वारा तेसके तेसरी इच्छानुसार फल बि तूमे (कृष्ण परमात्मा) ई देओ।

कृष्णमार्गात् गतप्राणाः प्रयान्ति नैव तत्परम् ।
चान्द्रज्योतिस्तु संप्राप्य निवर्तन्ते ते जन्मनि ।।५७।।

हिन्दी –

परमात्मा को न जानने वाले व्यक्ति प्राण त्यागने पर कृष्ण (दक्षियान) मार्ग से जाते हैं और वे भगवान् की समीपता को प्राप्त नहीं होते। वे चन्द्रमा की ज्योति को प्राप्त होते हैं।

बघाटी –

भगवाना खे ना जाणनि आले आदमि आपणे प्राण छाड रो कृष्ण या दक्षिणायन मार्गा खे प्राप्त नी ओदे। से चन्द्रमा री जोति खे प्राप्त ओय रो दबारा शरीर दारण करो।

प्रकृतिं तव भूतानि प्रयान्ति हि महाक्षये ।
कल्पादौ च पुनस्तानि रच्यन्ते ते पुनस्तया ।।५८।।

हिन्दी –

महाप्रलय होने पर प्राणी आपकी प्रकृति (भौतिक रूप) को प्राप्त होते हैं। कल्प का आरम्भ होने पर वे फिर से प्रकृति के द्वारा पैदा कर दिए जाते हैं।

बघाटी –

महाप्रलय ओणि पाँएं प्राणि तूमा री प्रकृति खे प्राप्त ओय जाओ। अरो कल्पा रा आरम्भ ओणि पाँएं दबारा प्रकृति रे द्वारा पैदा कर दिए जाओ।

यं यं वापि स्मरन्भावं त्यजत्यन्ते शरीरकम् ।
तं तमैवेति देवेश सदा तद्भाव भावितः ।।५१।।

हिन्दी –

अपने जीवनान्त में आदमी जिस जिस भावना को याद करते हुए शरीर का त्याग करता है उसी भावना से जुड़े हुए शरीर के रूप में वह अगला जन्म लेता है।

विशेष – अंत में जैसी जिसकी भावना हो वैसी योनि में उसका जन्म होता है।

बघाटी –

आदमि जियां जियां बावना खे याद कर रो आपणे जीवना रे अन्ता माँएं शरीरा रा त्याग करो से तियां बावना रे अनुसार विशेष प्राणी रे रूपा माँएं जन्म लौ।

तस्माद्धि सर्वकालेषु त्वामेव हि स्मराम्यहम् ।
त्वय्यर्पित मनोबुद्धिः संप्राप्स्यामि गृहं तव ।।५२।।

हिन्दी –

इसलिए मैं हमेशा आपका ही स्मरण करता हूँ। मैं अपना मन और बुद्धि आपको समर्पित करते हुए आपके घर, धाम या समीपता को प्राप्त करूँगा।

विशेष – कृष्णधाम या ब्रह्मलोक सभी लोकों से ऊपर का लोक है।

बघाटी –

एनी री खातर आऊँ हमेशा त्हारा स्मरण करू। मेरे आपणा मन अरो बुद्धि तूमा खे समर्पित करदे त्हारा गौर (समीपता) प्राप्त करनि।

आब्रह्म सकलाः जीवाः आयान्ति च प्रयान्ति च ।
त्वां त्वेते प्राप्य लोकेश मुच्यन्ते जन्मचक्रतः ।।५३।।

हिन्दी –

(एक जीवाणु से लेकर) ब्रह्मा (सर्वोच्च जीव) तक समस्त प्राणी इस दुनिया में जन्म लेते हैं और मर जाते (आते और जाते) हैं। भगवन्! ये सभी जीव (मनुष्य जन्म में) आपको प्राप्त करके बार बार जन्म लेने के चक्कर से छूट जाते हैं।

विशेष – परमात्मा या कृष्ण की भावना दुनिया की सर्वोच्च भावना है, जिसके बीच में सारी दुनिया समाई है। सकाम उपासना से प्राप्त होने वाला सर्वोच्च पद ब्रह्मा का है।

बघाटी – रचनाकार ब्रह्मा तैं दुनिया रे सब जीव बार बार जाओ अरो मरो। पेरि तूमा खे प्राप्त करनि आले जीव बार बार जन्म लणि रे चक्रा दे छुट जाओ।

ब्रह्मणो हि दिनारम्भे जायन्ते स्वशरीरतः ।
तद्दिनान्ते च लीयन्ते सर्वे तत्रैव जीविनः ।।५४।।

हिन्दी –

ब्रह्मा जी के दिन का आरम्भ (सृष्टि) होने पर प्राणी प्रलय में प्रलीन हुए अपने शरीरों से पुनः पैदा हो जाते हैं और दिन का अन्त (प्रलय) होने पर पुनः वे सभी प्राणी प्रलीन (सूक्ष्मरूप) हो जाते हैं।

विशेष – प्रलयकाल में सभी जीव ब्रह्मा जी के सूक्ष्मशरीर में सूक्ष्मरूप में निवास करते हैं।

बघाटी – ब्रह्मा जी रि भल्ख ओणि पाँएं प्रलय माँएं सूक्ष्म ओए ओंदे सबी जीवा रे सूक्ष्म शरीर तैं दुनिया माँएं पैदा ओय जाओ अरो ब्याल आवणि पाँएं से सब शरीर सूक्ष्म रूप दारण कर लौ।

ब्रह्मणो सूक्ष्मदेहाद्धि भावोऽन्यो हि विलक्षणः ।
नश्यमानेषु जीवेषु न नश्यति कदाचन ।।५५।।

हिन्दी –

ब्रह्मा जी के सूक्ष्मशरीर से एक अन्य विलक्षण भाव (परमात्मा) है जो जीवों के शरीरों के नष्ट होने पर भी नष्ट नहीं होता।

विशेष – ब्रह्मा जी अपने कर्मफलानुसार एक विशेषावधि तक ही अपने पद का फल भोगते हैं पर ब्रह्म या परमात्मा का पद अनन्तावधि के लिए है।

बघाटी –

ब्रह्मा जी रे सूक्ष्मशरीरा दे एक रेका नौरवा बाव (भगवान्) असो जो जीवा रे शरीरा रे नष्ट ओणि पाँएं बि नष्ट नी ओंदा।

अग्निमार्गात् गतप्राणाः यान्ति ब्रह्मविदो जनाः ।
क्रमशः पथि गच्छन्त अकामाः यान्ति तत्परम् ।।५६।।

हिन्दी –

ब्रह्म या परमात्मा को जानने वाले व्यक्ति प्राण त्यागने पर अग्नि (उत्तरायण) मार्ग से यात्रा करते हैं। वे क्रम से इस मार्ग को पार हुए उनमें से जो सर्वथा निष्काम होते हैं वे परमात्मा को प्राप्त होते हैं।

बघाटी –

भगवाना खे जाणनि आले आदमि शरीर छाड रो अग्निमार्गा या उत्तरायण मार्गा री बाठि जाओ। क्रमा साय बाटा री जांदे तीना माँएं जो सर्वथा निष्काम ओ से भगवाना खे प्राप्त ओय जाओ।

शरणं चैव गत्वा त्वां यः कश्चिदपि मानवः ।
त्वत्कृपया सदा याति सुदुर्लभां परां गतिम् ।।६५।।

हिन्दी –

आपकी शरण को प्राप्त हुआ कोई भी मनुष्य आपकी कृपा से हमेशा दुर्लभ उत्तम गति को प्राप्त होता है।

विशेष – शरण प्राप्ति का मतलब है भगवान् को याद करते हुए अपने कर्त्तव्य का पालन करना। इसी से जीवात्मा का कर्ताभाव रूप मल नष्ट होता है और वह कृष्णधाम को प्राप्त होता है। परमधाम को प्राप्त करवाना ही वेदों का प्रयोजन है।

बघाटी –

त्हारी शरणा खे प्राप्त ओआ ओंदा कोएं बि आदमि त्हारी कृपा साय दुर्लभ परमगति खे प्राप्त ओय जाओ।

त्वत्तो हि जायते विश्वं त्वमस्य मूलकारणम् ।
जानन्ति ये जना इत्थं ते तव शरणं गताः ।।६६।।

हिन्दी –

आपसे ही यह दुनिया पैदा होती है और आप ही इसके मूल कारण हैं। जो लोग इस बात को जानते हैं वे आपकी शरण को प्राप्त हो गए हैं।

